an>

Title: Need to construct a road along river Ganga from Nathnagar to Peerpenthi in Bhagalpur city of Bihar.

श्री शैलेश कुमार (भागलपुर): अध्यक्ष महोदया , मेरे संसदीय क्षेत्र भागलपुर को स्मार्ट सिटी योजना में सम्मिलित किया गया है। भागलपुर रेशम उद्योग के लिए प्रसिद्ध है तथा सिल्क नगरी के नाम से भी मशहूर है। लेकिन वर्तमान में जो शहर की स्थिति है, वह पूरी तरह जाम से भयाक्रांत है, जिसके चलते व्यावसायिक गतिविधियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। भागलपुर शहर में बाहर से आने वाले वाहनों के चलते अंदर का यातायात पूरी तरह से चरमरा जाता है। बिहार से होकर अन्य राज्यों झारखंड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, असम आदि जाने वाले वाहन भागलपुर शहर के अंदर से होते हुए जाते हैं, जिसके चलते भी बहुत परेशानियां होती हैं। भागलपुर राष्ट्रीय गंगा नदी के किनारे अवस्थित है। अगर नाथनगर से पिरपैंती तक गंगा नदी के किनारे-किनारे मुम्बई के मरीन ड्राइव की तर्ज पर सड़क का निर्माण करा दिया जाए तो भागलपुर शहर के अंदर की यातायात की समस्या पूर्ण रूप से समाप्त हो जायेगी तथा यह सड़क भविष्य में स्मार्ट सिटी के यातायात के दृष्टिकोण से भी उपयोगी सिद्ध होगी।

महोदया, मेरा कहना यह है कि अगर स्मार्ट सिटी के अंदर उस सड़क को ले लेते हैं, अगर उस तरह का दिशा-निर्देश दे दिया जाता है तो निश्चय ही भागलपुर जो सिल्क नगरी के नाम से मशहूर है, निश्चित रूप से उसके देश के एक बहुत बड़े उद्योग केन्द्र के रूप में विकसित होने की संभावना है। धन्यवाद। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री निशिकान्त दुबे, श्री जयप्रकाश नारायण यादव एवं श्री कौशलेन्द्र कुमार को श्री शैलेश कुमार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।